ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

ANSWER SHEET – 21

Sub : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 23.11.2020**

Topic : कहानी लेखन

चित्र तथा संकेत बिन्दु के आधार पर कहानी लिखे –

● एक तालाब, ● बातूनी कछुआ, ● दो हंसो से दोस्ती, ● तालाब का सूखना, ● दूसरे तालाब में जाने की सोचना, ● कछुए का उपाय बताना, ● हंसों का कछुए को एक लकड़ी के सहारे लेकर उड़ना, ● कछुए का बोल पड़ना, ● सीख।

बातूनी कछुआ

किसी तालाब में एक कछुआ रहता था। दो हंसो के साथ उसकी दोस्ती थी। एक बार तालाब सूख गया। हंसों ने दूसरे तालाब में जाने की सोची। लेकिन कछुए को कैसे ले जाएँ? हंसों ने बहुत सोचा। आखिर में हंसों को एक उपाय सूझा। कछुआ एक लकड़ी लाया। हंसों ने लकड़ी के दोनों किनारों को अपने मुँह में पकड़ लिया। हंसों ने कछुए को समझाया कि रास्ते में बोलना मत। फिर हंस उड़ चले। कुछ देर बाद वे एक गाँव के ऊपर से गुजरे। गाँव वाले उन्हें देखने के लिए जमा हो गए। तब कछुए से न रहा गया। उसने बोलने के लिए मुँह खोला। लकड़ी उसके मुँह से छूट गई और वह धड़ाम से जमीन पर गिर पड़ा।

सीख - ज्यादा बोलने की आदत अच्छी नहीं है।

Sangeeta Khosla